**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **हजारीबाग में रामनवमी के मंगला जुलूस के दौरान झड़प की घटना पर विपक्ष ने विधानसभा के भीतर और बाहर किया प्रदर्शन, सरकार पर लगाया तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप।**
- **संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा– सरकार राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज हेल्प डेस्क के लिए स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की करेंगे शुरुआत, राज्य की आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रदान करेंगे स्मार्ट फोन।**
- **केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने चाईबासा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का किया शुभारंभ, एक भारत–श्रेष्ठ भारत की दिखी झलक।**
- **25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता कल से ओडिशा में, झारखंड की 17 सदस्यीय टीम लेगी हिस्सा।।**

**और अब समाचार विस्तार से**

विधानसभा के बजट सत्र के 19वें दिन की कार्यवाही शुरु होते ही हजारीबाग में दो समुदायों के बीच हुई झड़प की घटना के विरोध में भाजपा विधायकों ने प्रदर्शन किया। विपक्षी सदस्य वेल में घुस गये। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने उन्हें समझा कर अपने स्थान पर भेजा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार को ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ऐहतियाती कदम उठाना चाहिए।

सरकार की ओर से संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसी घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**************************

इससे पहले प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने आज घटना के विरोध में विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

इस पर पलटवार करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सदन के बाहर उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लेगी।

**************************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन संताल परगना के बाद अब कोल्हान प्रमंडल में आदिवासी अस्मिता बचाने का अभियान अगले महीने शुरु करेंगे। इस सिलसिले में उन्होंने सरायकेला में

कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से आए आदिवासी समाज के मानकी–मुंडाओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासियों का अस्तित्व संकट में है।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं को आज स्मार्ट फोन प्रदान करेंगे। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में श्री सोरेन हेल्पडेस्क के लिए स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

***********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने खूंटी जिले के सरकारी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ–साथ इमरजेंसी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने का वे प्रयास कर रहे हैं।

***********************

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा चाईबासा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। इसमें एक भारत–श्रेष्ठ भारत की झलक दिखायी पड़ रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***********************

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में विकास कार्यों के कारण आठ से 25 अप्रैल तक कई यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। झारखंड से छतीसगढ़ के रास्ते चलने वाली 30 रेलगाड़ियों का परिचालन इस अवधि में रद्द कर दिया गया है। विकास कार्य पूरा होते ही इन गाड़ियों का परिचालन फिर शुरु होगा।

***********************

- साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड की बसाहा पंचायत के नागरभिठ्ठा पहाड़ के एक और बच्चे की आज मलेरिया से मौत हो गयी। इसके साथ ही मृतक बच्चों की संख्या छह तक पहुंच गयी है।
- ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता आज सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में 18 मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी।
- रांची नगर निगम ने पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। निगम ने सर्वेक्षण रिपोर्ट अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी है।

***********************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। धीरे–धीरे तापमान में वृद्धि होगी। हफ्तेभर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सिसय तक जा सकता है। इस दौरान रांची का पारा 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

************************

ओडिशा के कटक में 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तलवारबाजी प्रगितायोगिता कल से शुरु होगी। 30 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में झारखंड की 17 सदस्यीय टीम भाग लेंगी। इसमें सात बालक और 10 बालिका शामिल हैं।

************************

झारखण्ड राज्य स्तरीय अंडर–20 जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल 29 मार्च को रांची में आयोजित किया जायेगा। खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में 20 साल तक के सभी पहलवान भाग ले सकेंगे।

**********समाप्त**************